محمد صلی اللہ علیہ وسلم علیؑ فاطمہؑ حسنؑ حسینؑ

امام علیؑ امام حسنؑ امام حسینؑ امام سجادؑ امام باقرؑ امام جعفرؑ امام موسیٰؑ امام رضاؑ امام تقیؑ امام نقیؑ امام عسکریؑ امام مہدیؑ

بسم اللہ الرحمٰن الرحیم

# शिजरा ए मुबारिका

## सिलसिला ए आलिया क़ादरीया मुनव्वरिया मअ़मुरिया करीमिया अमीरिया मुईनिया फैज़ानिया सैफिया हमीदिया मुतबर्रिका

लब ये हैं या रब तेरी हम्द ओ सना के वास्ते
हाथ फर्यादी उठाए हैं दुआ के वास्ते

या इलाहुल आ़लमीन! अपनी रज़ा के वास्ते
खोल दे बाब ए हिजाबत मुस्तुफा के वास्ते

या इलाही मुस्तुफा वा मुर्तुज़ा के वास्ते
और हुसैन ज़ैन आबिद रहनुमा के वास्ते

बाक़र वा जाफर और रिज़ा के वास्ते
करखी वा सक़ती जुनैदे पारसा के वास्ते

हज़रते बू बक्र शिब्ली अ़ब्दे वाहिद बू फराह
बुल हसन वा बू सईदे बा सफा के वास्ते

दस्तगीरी पुल सिरात में करना ख़ुदा !!
गौस ए आज़म दस्त्गीरे औलिया के वास्ते

दौलत ए दारेन से या रब सआ़दत याब कर
शाह कबीरुद्दीन दौला बा ख़ुदा के वास्ते

कर मुनव्वर क़ल्ब वा जान को या ! रब अपने नूर से
शेख ए आ़लम शाह मुनव्वर की ज़िया के वास्ते

रख नज़र लुत्फो करम की या रब मुझ पे हर घड़ी
ख्वाजा अब्दुल क़रीम पुर ज़िया के वास्ते

दे गुलामी का शर्फ़ मुझ को रसूले पाक की
हज़रते शाह गुलाम अब्रे सखा के वास्ते

दो जहाँ की दे अमीरी अपने लुत्फे खास से
शाह अमीरे दो जहाँ इश्क़े आशना के वास्ते

नूरे ईमां दौलते इरफ़ान कर अताए करीम !
शाह वजीहुद्दीन सैय्यद बा ख़ुदा के वास्ते

मेरी हर मुश्किल मे या रब ! तू ही मेरा हो मुईन
शाह मुईनुद्दीन् सैय्यद हक़ नुमा के वास्ते

फैज़ कर फैज़ान से जारी सदा रब्बे क़रीम
अपनी इज्ज़ो शानो अज़मत बे बहा के वास्ते

कर दे मालामाल या रब ! दौलत ए ईमान से
शाह जलालुद्दीन अख्तर बे रिया के वास्ते

या इलाही करते रहें हम तेरी हम्द ओ सना
शाह हमीदुल्लाह हबीबे औलिया के वास्ते

इस्तिक़ामत और ईमाने हकीकी दे हमें
पंजतन और चार यार बा सफा के वास्ते

ख्वाज्गाने क़ादरी के फैज़ से कर फैज़याब
खानदाने क़ादरी के औलिया के वास्ते

हम हैं बद अमाल बद कर हमारी दर गुज़र
बख़्श दे अपने करम से औलिया के वास्ते

बन्दाये नाचीज़ की कर ले दुआओ को कुबूल
सिलसिले के मेरे इक इक औलिया के वास्ते

दाखिले सिलसिला ए आलिया कादरिया मुनव्वरिया फैज़ानिया सैफ़िया हमीदिया

जनाब-___________________________वल्द-_________________________________

तारीख -____________पता -________________________________________________

दस्तख़त व मुहर मुर्शिदे तरिक़त-

मिन्जानिब - शाह मुदस्सिर अली क़ादरी मदारी सैफी, शाह मुशाहिद अली क़ादरी मदारी सैफी

امام علیؑ امام حسنؑ امام حسینؑ امام سجادؑ امام باقرؑ امام جعفرؑ امام موسیٰؑ امام رضاؑ امام تقیؑ امام نقیؑ امام عسکریؑ امام مہدیؑ